>

Title: Need to commence refinery in Badmer Rajasthan.

**श्री हरीश चौधरी (बाड़मेर):** सभापति महोदय, इस अवसर पर मैं सबसे पहले तो केन्द्र सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं कि इस देश के सबसे पिछड़े हुए इलाके बाड़मेर के अन्दर उन्होंने रिफाइनरी की स्वीकृति दी। परन्तु, आज राजस्थान सरकार उस निर्णय पर प्रश्नवाचक चिह्न लगा रही है। वह बोल रही है कि इसे रिव्यू करने की आवश्यकता है। देश में ऐसा कभी कोई फैसला नहीं हुआ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से राजस्थान सरकार में बैठे मेरे मित्रों से आग्रह करना चाहता हूं कि यह पीएसयू के माध्यम से जो रिफाइनरी लगायी गयी है, वह पिछड़े हुए इलाके का हक़ है, अधिकार है। आने वाले समय के अन्दर राजस्थान ही नहीं, बल्कि पूरे देश के अन्दर अगर कोई नेतृत्व करेगा तो वह बाड़मेर का इलाका करेगा।

मैं आपके माध्यम से उन से निवेदन करना चाहता हूं कि पास के राज्यों में निजी क्षेत्र के अन्दर उन लोगों को 425औ तक कंसेशन दिया गया है, पर राजस्थान के अंदर यह पीएसयू के तहत बनायी गयी रिफाइनरी के ऊपर ऐसा प्रश्नवाचक चिह्न न लगाएं। आज उनके पास इस बात का अधिकार नहीं है कि वे उस रिफाइनरी को बंद करने के बारे में सोच सकें।

MR. CHAIRMAN : Shri P.L. Punia is allowed to associate with the issue raised by Shri Harish Choudhary.